# चारधाम यात्रा : ऑनलाइन पंजीकरण में श्रद्धालुओं के साथ धोखाधड़ी, मुकदमा दर्ज

**धोखाधड़ी**

**ऑनलाइन पंजीकरण में हैदराबाद के श्रद्धालुओं के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

चारधाम यात्रा के लिए कराये गये ऑनलाइन पंजीकरण में हैदराबाद के श्रद्धालुओं के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। जांच के दौरान सामने आये फजीवाड़े के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

ऋषिकेश क्षेत्रान्तर्गत खांड गांव में बनाये गये रजिस्ट्रेशन चेकिंग सेन्टर का एसएसपी देहरादून ने बुधवार को निरीक्षण किया।



एसएसपी देहरादून ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ चारधाम यात्रा पर आये यात्रियों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन चेक किया। इस चेकिंग दौरान हैदराबाद से चारधाम यात्रा पर आये 11 सदस्यीय यात्रियों के दल के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में कूटरचना कर और तारीखों में हेरफेर किया जाना सामने आया।

इसके संबंध में दल की एक सदस्य मुक्कावली साई भ्रमर मधुरिया, निवासी श्रीनिवासा नगर बैंक कॉलोनी, विजयवाड़ा आंध्र प्रदेश ने बताया कि उनके ओर से चारधाम यात्रा के लिए कुल 11 लोगों का जनकपुरी दिल्ली से ऑनलाइन पैकेज बुक किया गया था, जिसके संबंध में उनके ओर से कंपनी के कर्मचारी कुमकुम वर्मा और डायरेक्टर ऋषि राज से फोन के माध्यम से वार्ता की गई थी, जिनके ओर से उनके 11 सदस्यीय दल का चारधाम यात्रा के लिये रजिस्ट्रेशन एवं ठहरने आदि की व्यवस्था करने का आश्वासन देते हुए उसके एवज में उनसे दो लाख 33 हजार रुपये लिये गये थे। बताया गया था कि चारधाम यात्रा के लिये उन सभी का 25 मई से 30 मई के बीच का रजिस्ट्रेशन उनके ओर से कराया जायेगा। आज उन लोगों को कुमकुम वर्मा की ओर से व्हाट्सएप के माध्यम से रजिस्ट्रेशन की पीडीएफ भेजी गई थी, जिसे लेकर वे सभी चारधाम यात्रा के लिये आज ऋषिकेश आये थे।पुलिस की ओर से उक्त यात्रियों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन चेक करने पर पता चला कि उनके रजिस्ट्रेशन की वास्तविक तारीख एक जून से दस जून तक है। यात्रियों के साथ हुई धोखाधड़ी के संबंध में एसएसपी देहरादून की ओर से तत्काल सम्बन्धित ट्रैवल एजेंसी संचालक के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये, जिस पर दल की सदस्य मुक्कावली साई भ्रमर मधुरिया, निवासी श्रीनिवासा नगर बैंक कॉलोनी, विजयवाड़ा आंध्र प्रदेश की ओर से धोखाधड़ी के संबंध में दी गई तहरीर पर कोतवाली ऋषिकेश में संबंधित ट्रैवल एजेंसी के खिलाफ धारा 420, 468 और 120 बी भादवि के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मलिन बस्ती के मुद्दे पर भाजपा को घेर रही है कांग्रेस

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

मलिन बस्तियों के मुद्दे पर कांग्रेस भाजपा को घेरने का निरंतर प्रयास कर रही है जबकि भाजपा की ओर से इस मुद्दे का हल निकाले जाने की कसरत चल रही है। कांग्रेस की ओर से मलिन बस्तियों के नियमितीकरण की मांग को लेकर राजनीति गरमा रही है।

एक ओर जहां एनजीटी ने मलिन बस्तियों के अवैध तरीके से बने घरों को ध्वस्त करने का नोटिस जारी किया है तो दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी ने आज नगर निगम का घेराव किया है। कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने मलिन बस्ती वासियों के साथ नगर निगम का घेराव करते हुए मलिन बस्तियों के नियमितीकरण की मांग उठाई। इस मौके पर भारी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

कांग्रेस पार्टी का कहना है कि सरकार मलिन बस्तियों को उजाड़ने जा रही है जिससे स्थानीय निवासियों में खौफ का माहौल है। क्योंकि निकाय चुनाव नजदीक आ गया है, लेकिन सरकार के पास मलिन बस्तियों के लिए कोई ठोस प्लान नहीं है। कांग्रेस ने आज कूच के बाद ये चेतावनी दी की अगर 30 दिन के अंदर इस मामले को लेकर कोई फैसला नहीं लिया जाता तो राज्य व्यापी आंदोलन पूरे उत्तराखंड में किया जाएगा।

इस संबंध में भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश सरकार के मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल का कहना है कि दो विधायक राजपुर विधायक खजानदास और धर्मपुर विधायक विनोद चमोली ने उनसे मिलकर इस मुद्दे पर बात की है। सरकार का प्रयास है कि इस मुद्दे पर कोई ऐसा सर्वमान्य फामूर्ला मिल जाए ,जिससे एनजीटी के आदेशों का भी पालन हो और मलिन बस्तीवासियों की समस्या भी सुलझ जाए।

सरकार इस दिशा में कार्य कर रही है। जल्द ही इसके परिणाम मिल जाएंगे।

# युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

थाना पथरी क्षेत्रांतर्गत गांव बिशनपुर कुंडी निवासी एक युवक ने गृहक्लेश के चलते फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कटारपुर के जंगल में पेड़ से लटके एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव मिलने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा होनी शुरू हो गई। शव की पहचान बिशनपुर कुंडी निवासी अमित (33) पुत्र रामकुमार के रूप में हुई। ग्रामीणों ने युवक की मौत की सूचना परिजनों को दी।

सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे।



अमित का शव पेड़ से लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। आनन-फानन में शव को पेड़ से नीचे उतारा और इसकी सूचना स्थानीय पुलिस चौकी फेरूपुर को दी। सूचना पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे चौकी इंचार्ज ने शव को कब्जे में लेकर जानकारी जुटाई। उन्होंने बताया कि युवक नशे का आदी था, जिसको लेकर परिवार के साथ लड़ाई झगड़ा होता रहता था। वह देर रात से घर नहीं लौटा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# गंगोत्री राजमार्ग पर सड़क दुर्घटना में एक की मौत, तीन घायल

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**

गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुक्की टॉप के पास एक यूटिलिटी वाहन आज सुबह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन में चालक सहित कुल चार लोग सवार थे।

हादसे में गम्भीर रूप से घायल 55 वर्षीय विजय पाल सिंह मराठा निवासी किशनपुर उत्तरकाशी ने दम तोड़ दिया। जबकि तीन अन्य लोग सामान्य चोटिल हुए हैं।

घायलों में आयुष सेमवाल (17) पुत्र सुरेश सेमवाल निवासी मुखबा, सुरेश (26) पुत्र विक्रम सिंह राणा निवासी बयाणा, मनेरी उत्तरकाशी और



रतन गिरी (40) पुत्र मोहन गिरी निवासी बयाणा, मनेरी उत्तरकाशी शामिल हैं।

थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर जाकर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा।

# भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं को जागृत करना होगा : नरसिंहानन्द

**आवश्यकता**

**हिन्दु राष्ट्र बनाने मे युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने की आज बहुत आवश्यकता है।**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**

जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर श्रीयति नरसिंहानन्द सरस्वती ने कहा कि जब तक युवाओं को जागृत नहीं किया जाएगा, तब तक भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने में दिक्कत आएगी। इसलिए भारत के युवाओं को जागृत करने की आवश्यकता है।



यह बात महामंडलेश्वर नरसिंहानंद ने ऋषिकेश रेलवे रोड स्थित होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि भारत देश को हिन्दु राष्ट्र बनाने मे युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने की आज बहुत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में दिए गए अपने संबोधन में युवाओं के जागृत किए जाने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि युवा शक्ति किसी भी देश में बड़ी से बड़ी क्रांति तभी ला सकती है। लेकिन उन्हें सही दिशा दिए जाने की आवश्यकता है।

नरसिंहानन्द सरस्वती के ऋषिकेश पहुंचने पर राष्ट्रीय हिन्दु शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राघवेंद्र भटनागर एवं उनके सभी सदस्यों की ओर से स्वागत किया गया।

इस अवसर पर विवेक वर्मा, राजेंद्र बिष्ट, संजय बिष्ट, रितेश गुप्ता, अलोक चावला, रोहित जोशी, गौतम नागपाल, प्रिंस सक्सेना, संजय शर्मा आदि उपस्थित थे।

# ज्वालापुर में बाधित रही विद्युत आपूर्ति, क्षेत्रवासियों ने जागकर गुजारी रात



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

धीरवाली ज्वालापुर विद्युत उपखंड द्वितीय के अन्तर्गत लाइन में आए फाल्ट से क्षेत्र के हजारों घर रातभर अंधेरे में डूबे रहें। मंगलवार रात करीब दस बजे गई बिजली सुबह दस बजे आई। भीषण गर्मी और 24 घंटे बाधित रही विद्युत आपूर्ति के चलते क्षेत्रवासियों ने सारी रात जाग कर काटी।

बीती रात धीरवाली क्षेत्र में लगे ट्रांसफार्मर में आए फाल्ट के चलते क्षेत्र की बत्ती गुल हो गई। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद बिजली बमुश्किल दस मिनट के लिए आई और फिर से एक फेज चला गया।

अभी इसे ठीक ही किया था कि फिर से मात्र पांच मिनट लोगों को हवा का अहसास कराकर बिजली ऐसे गायब हुई कि फिर सुबह दस तक नहीं आई।

बत्ती गुल से परेशान क्षेत्रवासी विद्युत कार्यालय से संपर्क करते रहे, लेकिन किसी ने जवाब नहीं दिया। इसके बाद परेशान क्षेत्रवासियों ने एसडीएम कार्यालय में संपर्क किया। वहां से भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। सब जगह से थकहार कर लोगों ने किसी तरह जागकर रात काटी। विद्युत कर्मियों का कहना है कि हम दिन में इसे ठीक कर जाते हैं, लेकिन रात के अंधेरे में ना जाने ऐसा क्या होता है कि अचानक लोड बढ़ जाता है, जिससे ट्रांसफार्मर में फाल्ट हो जाता है। बेहतर उपकरणों की कमी से भी जूझ रहा विद्युत महकमा अपने उपभोक्ताओं को ठीक से विद्युत आपूर्ति नहीं दे पा रहा। जिसके चलते आए दिन कभी ट्रांसफार्मर फूंक रहे हैं। ऊपर से लोग कटिया डाल कर मुफ्त की बिजली इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे लोड बढ़ते ही क्षेत्र की बत्ती गुल हो जाती है। इससे भीषण गर्मी के चलते आम आदमी परेशान हो रहा है, जिस पर विद्युत महकमा बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहा।

# बदरीनाथ धाम की यात्रा के साथ ही कर सकते हैं पांचों बद्री धामों के भी दर्शन

**पांचों बद्री धाम-**

**तीर्थयात्री बदरीनाथ के साथ चमोली में ही नारायण के अन्य चार बद्री धामों के भी दर्शन कर सकते है।**

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**

यदि आप स्कूलों में पड़ने वाले ग्रीष्म कालीन अवकाश के दिनों में बदरीनाथ धाम की यात्रा का मन बना रहे हैं तो उसके साथ इसी क्षेत्र में पड़ने वाले अन्य पंच बद्री धामों के भी दर्शन कर अभिभूत हो सकते हैं। भू-बैकुंठ श्री बदरीनाथ धाम की यात्रा निर्बाध रूप से जारी है। पिछले पांच दिनों से धाम में लगातार श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से चारधाम यात्रा मार्ग, बदरीनाथ में स्थित



होटल व्यवसायी और अन्य कारोबारियों के चेहरे खिल उठे हैं। तीर्थयात्रियों की चहल पहल से पूरे यात्रा मार्ग पर रौनक बनी हुई है।

**चमोली में ही स्थित है पांचों बद्री धाम-** देवभूमि उत्तराखंड के जनपद चमोली में ही पंच बद्री धाम स्थित है। तीर्थयात्री बदरीनाथ के साथ चमोली में ही नारायण के अन्य चार बद्री धामों के भी दर्शन कर सकते हैं। पंच बद्री धामों में हर धाम का विशेष महत्व है। बदीनाथ आ रहे हैं तो नारायण के पांचों धामों के दर्शन कर पुण्य अर्जित करें।

**श्री बद्रीनाथ-** इस स्थान पर भगवान विष्णु ने तपस्या की थी। इस मंदिर की स्थापना स्वयं आदि गुरु शंकराचार्य ने की थी।

**आदिबद्री-** पंच बद्री में दूसरे स्थान पर है आदि बद्री। आदि बद्री को पंच बद्री में सबसे पुराना माना जाता है। इस मंदिर में भगवान विष्णु की काले पत्थर से बनी प्राचीन प्रतिमा स्थापित है। ये मूर्ति ध्यान अवस्था में है। मूर्ति के चारों ओर हाथी हैं, जो शक्ति और स्थिरता का प्रतीक माने जाते हैं। आदिबद्री मंदिर के लिए कर्णप्रयाग से गैरसैंण सड़क मार्ग पर वाहन से करीब 10 किलोमीटर दूरी तय कर पहुंचा जाता है।

**वृद्ध बदरी-** ये मंदिर भी चमोली में है। इस मंदिर का वर्णन अनेक हिंदू धर्म ग्रंथों में मिलता है। यहां भी भगवान विष्णु की काले पत्थर की मूर्ति है। वृद्ध बद्री को मोक्ष प्राप्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि वृद्ध बद्री के दर्शन मात्र से ही व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। वृद्ध बद्री मंदिर बदरीनाथ यात्रा मार्ग पर अणीमठ में स्थित है, जो जोशीमठ से सात किलोमीटर पीछे है।

**योग-ध्यान बद्री-** ये मंदिर पंच बद्री में चौथे स्थान पर है। ये मंदिर भी चमोली में ही है। योग-ध्यान बद्री को भगवान बदरीनाथ का शीतकालीन निवास भी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि शीतकाल के दौरान जब मुख्य बदरीनाथ मंदिर के कपाट बंद हो जाते हैं तो वे यहां आकर निवास करते हैं। इस मंदिर का वर्णन स्कंद पुराण और महाभारत में भी मिलता है। यह मंदिर बदरीनाथ यात्रा मार्ग पर पांडुकेश्वर में स्थित है।

**भविष्य** बद्री-ये मंदिर भी चमोली में है। भविष्य बद्री का अर्थ है भविष्य का बदरीनाथ। मान्यता है कि कलयुग के अंत में जब मुख्य बदरीनाथ मंदिर जाने के रास्ते बंद हो जाएंगे तो भक्त यहीं पर दर्शन कर बदरीनाथ के दर्शन का फल प्राप्त कर सकेंगे। यहां भी भगवान विष्णु की काले पत्थर की मूर्ति है।

# जेके टायर को वित्त वर्ष 24 में अब तक का सर्वोच्च राजस्व

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

भारत की प्रमुख टायर कंपनी जेके टायर एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड (जेके टायर) ने वित्त वर्ष 2024 के लिये अंकेक्षित परिणामों की घोषणा की है। कम्पनी के निदेशक मण्डल ने 4.50 रुपये प्रति इक्विटी शेयर ( एक रुपये प्रति इक्विटी शेयर अंतरिम लाभांश जो की पहले ही दिया जा चुका है सहित) की दर से लाभांश देने का प्रस्ताव रखा है जो कि 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिये 225 प्रतिशत है।

परिणामों पर टिप्पणी करते हुए चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. रघुपति सिंघानिया (सीएमडी) ने कहा कि वित्त वर्ष 2024 के दौरान जेके टायर ने अब तक की सबसे अधिक बिक्री एवं लाभ दर्ज किया। बिक्री हल्के सुधार के साथ 15046 करोड़ रुपए रही, जबकि एबिडिटा 59 प्रतिशत बढ़कर 2122 करोड़ रुपए एवं कर पश्चात लाभ दोगुणा बढ़कर 811 करोड़ रुपए का हो गया। इस प्रदर्शन का श्रेय हमारे निरन्तर उत्पाद प्रीमियरीकरण, बाजार पहुंच का विस्तार एवं तकनीकि सक्षम विनिर्माण और बेहतर दक्षता हासिल करने के लिये सभी परिचालनों के डिजीटलीकरण को जाता है। इसके अलावा इक्विटी निवेश के माध्यम से बेहतर परिणाम वित्तीय लचीलापन को मजबूत करने से हमारे रणनीतिक प्रयासों से बेलेन्स शीट को मजबूती मिली। 811 करोड़ रुपये का कर पश्चात लाभ सरकार द्वारा लगाई गई विस्तारित निमार्ता की जिम्मेदारी के तहत देनदारी के लिए 106 करोड़ रुपये का प्रावधान करने के बाद है। टायर उद्योग पर भारत की वर्ष के दौरान माल ढुलाई में बढ़ोतरी सहित भू-राजनीतिक व्यवधानों के बावजूद निर्यात स्थिर रहा। आने वाली तिमाहियों में कंपनी को निर्यात मात्रा में सुधार की उम्मीद है।

जेके टायर की सहायक कंपनियां, कैवेंडिश इंडस्ट्रीज लिमिटेड (सीआईएल) और जेके टॉर्नेल, मैक्सिको, कंपनी के समग्र राजस्व और लाभप्रदता में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है। हम मजबूत इन्फ्रा-खर्च और उत्साह के कारण टायर की मांग के दृष्टिकोण को लेकर आशावादी बने हुए हैं आर्थिक गतिविधियाँ जो हमें हरित और विश्वसनीय बनने के हमारे दृष्टिकोण की ओर बढ़ने में मदद करेंगी, वित्त बर्ष 24 के दौरान, जेके टायर ने क्यूआईपी के माध्यम से 500 करोड़ रुपये जुटाए ।

# टीएचडीसी अध्यक्ष विश्नोई ने टिहरी हाइड्रो परिसर का किया निरीक्षण

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आरके विश्नोई ने टिहरी परिसर का दो दिवसीय सघन निरीक्षण किया। उनके साथ भूपेन्द्र गुप्ता, निदेशक (तकनीकी) और एलपी जोशी, परियोजना प्रमुख (टिहरी परिसर) सहित टीएचडीसीआईएल के अनेक वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। विश्नोई ने 1000 मेगावाट टिहरी पीएसपी के निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। निदेशक (तकनीकी) एलपी जोशी ने विश्नोई और वरिष्ठ अधिकारियों को विभिन्न निर्माण गतिविधियों की जानकारी दी। विश्नोई और गुप्ता ने टिहरी पीएसपी के महत्वपूर्ण क्षेत्रों जैसे बटरफ्लाई वाल्व, पीएससी (पेन स्टॉक असेंबली चैम्बर), ईए-7 और टीआरटी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद विश्नोई ने अधिकारियों और हितधारकों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें निर्धारित समयसीमा के भीतर अपेक्षित परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। निर्माण स्थलों के निरीक्षण के बाद अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक आरके विश्नोई ने समीक्षा बैठक आयोजित की, जिसमें निर्माण कार्यों के सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा समीक्षा उन्होंने उच्च गुणवत्ता के मानकों को बनाए रखने और परियोजना को समय पर पूरा करने के महत्व पर जोर दिया।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई–नीलामी

• मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 03 एस.एल.आर.: **13010 (F-I), 19020 (F-I), 14314 (F-I)** के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक **03.06.2024** (Timings: 10:00 am) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ही उपलब्ध हैं।

1554/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / चर्तुथ द्वारा निम्नलिखित ई टेंन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक के सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमन्त्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या | 36-DRM-MB-24-25 Dt. 21.05.2024 | 37-DRM-MB-24-25 Dt. 21.05.2024 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Provision of Toilet Facility at various level crossing under Sr.DEN-III, Sr.DEN-IV and Sr.DEN-HQ of Moradabad Division. | Structural condition survey by underwater inspection and video graphy of Br. No. 27 (BLM-SPC), Br. No. 52 (MB-GZB) and Br. No. 101 (CH-ALJN) section by Remote Operated Robotic Vehicle (RORV) in the Moradabad Division |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 18.06.2024 | 18.06.2024 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 64,47,534.44 | 14,06,441.26 |
| धरोहर राशि | 1,29,000.00 | 28,100.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह | 6 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 04.06.2024 | 04.06.2024 |

टेन्डर नं. **Sr. DEN-IV/Publication/24-25** दिनांक: **22.05.2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1545/24

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 21.05.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मंडल अभियंता / समन्वय द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 33-DRM-MB-24-25 17.05.2024 | 34-DRM-MB-24-25 17.05.2024 | 35-DRM-MB-24-25 17.05.2024 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Provision of Toilet facility at various level crossings under Sr DEN/I/MB | TRR (P) of 0.817 TKM on Laksar-Hindon Cabin from Km 1549.375 to 1550.192 (DN line) under ADEN/RK | Construction of retaining wall on tunnel T-2 approach from Km 29/4 to Km 29/12 and in landslide prone locations between HW-MOTC in the section of ADEN/HW |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 18.06.2024 16:00 | 18.06.2024 16:00 | 18.06.2024 16:00 |
| अनुमानित लागत | 41,99,158.32 | 32,57,531.05 | 2,34,24,011.24 |
| धरोहर राशि | 84,000.00 | 65,200.00 | 2,67,100.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 04.06.2024 | 04.06.2024 | 04.06.2024 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह | 06 माह | 12 माह |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1536/24

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई–नीलामी सूचना

• मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 28 एस.एल.आर: **04364** (F-I, F-II, R-I), **04359** (F-I, F-II, R-I), **04360** (F-I, F-II, R-I), **04362** (F-I, F-II, R-I), **04357** (F-I, F-II, R-I), **04363** (F-I, F-II, R-I), **04390** (F-I), **04392** (F-I), **04387** (F-I), **04378** (F-I, F-II, R-I), **05382** (F-I, F-II, R-I), **04389** (F-I), के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक **07.06.2024** (Timings: 10:00 A.M.) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ही उपलब्ध हैं।

• मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 28 एस.एल.आर: **04394** (F-I, F-II, R-I), **04303** (F-I, F-II, R-I), **04374** (F-I, F-II, R-I), **05363** (F-I), **05332** (F-I), **05365** (F-I), **04366** (F-I), **04334** (F-I, F-II, R-I), **04333** (F-I, F-II, R-I), **04305** (F-I, F-II, R-I), **04306** (F-I, F-II, R-I), **04338** (F-I, F-II, R-I), के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक **10.06.2024** (Timings: 10:00 A.M.) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ही उपलब्ध हैं।

• मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 28 एस.एल.आर: **04386** (F-I), **04358** (F-I, F-II, R-I), **04376** (F-I, F-II, R-I), **04365** (F-I, F-II, R-I), **04320** (F-I, F-II, R-I), **04341** (F-I, F-II, R-I), **04356** (F-I, F-II, R-I), **04361** (F-I, F-II, R-I), **05396** (F-I, F-II, R-I), **04388** (F-I), **05367** (F-I), **05353** (F-I), के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक **11.06.2024** (Timings: 10:00 A.M.) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ही उपलब्ध हैं।

1553/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**Name Change**

I, Sanjay Singh S/o Himmat Singh Bisht R/o Nanda Enclave, 89- Ward Harbhajwala, Po- Mehu Wala Mafi, Dehradun, Uttarakhand-248171, have changed my minor son's name from Badal Bisht aged 14 years to Shivaansh Bisht forever.

# मलिन बस्तियों को मालिकाना हक देने के लिए कांग्रेस ने नगर निगम किया कूच

हुजूम

▶▶मुख्यमंत्री भेजा ज्ञापन, - 30 जून तक हल नहीं निकाला तो मुख्यमंत्री आवास करेंगे कूच



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मलिन बस्तियों को मालिकाना हक देने की मांग को लेकर बुधवार को मलिन बस्ती के लोगों का हुजूम सड़कों पर उतर आया। कांग्रेस मुख्यालय से प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं उत्तराखंड मलिन बस्ती विकास परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना और महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डा. जसविंदर सिंह गोगी के नेतृत्व में नगर निगम के लिए कूच किया। नारेबाजी करते हुए राजपुर रोड से दर्शनलाल चौक होकर नगर निगम पहुंचे, जहां जमकर प्रदर्शन किया और सभा भी हुई।
सभा के दौरान सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि जब-जब प्रदेश या स्थानीय निकायों में भाजपा की सरकार बनती है तब-तब गरीबों पर आफत आती है। 2012 में राज्य में कांग्रेस सरकार बनी तो मलिन बस्तियों को मालिकाना हक देने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत ने एक समिति बनाई और उस समिति की रिपोर्ट की संस्तुति पर नियम कानून बनाए व लोगों को मालिकाना हक देने की प्रक्रिया शुरू की किंतु 2017 में राज्य में भाजपा सरकार बनी तो उसने इस प्रक्रिया को रोक दिया और वर्ष 2018 में एक पीआईएल पर उच्च न्यायालय के एक आदेश की आड़ लेकर राज्य भर में मलिन बस्तियों को उजाड़ने की साजिश शुरू कर दी। सरकार को दी एक माह की मोहलत, आंदोलन की चेतावनी-
धस्माना ने कहा कि अगर सरकार ने 30 जून तक मलिन बस्तियों के मालिकाना हक के मामले में निर्णय नहीं लिया तो उत्तराखंड मलिन बस्ती विकास परिषद राज्यव्यापी आंदोलन करेगा। विधानसभा और मुख्यमंत्री आवास कूच भी करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के इशारे पर आज के कार्यक्रम को फेल करने के लिए विभिन्न थानों की पुलिस ने अपने क्षेत्र की मलिन बस्ती के लोगों को रैली में न जाने को कहा। यही नहीं, 24 घंटे पूर्व कार्यक्रम की सूचना जिलाधिकारी को लिखित में देने के बावजूद सुबह तक कार्यक्रम की लिखित अनुमति नहीं दी गई और पुलिस अधिकारी कूच निकालने पर मुकदमा कायम करने की धमकी देते रहे।
महानगर कांग्रेस अध्यक्ष गोगी ने कहा कि कांग्रेस हमेशा मलिन बस्तियों के लोगों की लड़ाई लड़ती रही है और अधिकांश मलिन बस्तियां कांग्रेस ने ही बसाई है, इसलिए इनके ऊपर जब भी कोई मुसीबत आती है तो कांग्रेस सबसे पहले आवाज उठाती है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष व राजपुर पार्षद उर्मिला थापा ने कहा कि देहरादून की 40 प्रतिशत आबादी मलिन बस्तियों में रहती है।

# भरतवीर की हत्या के मामले में फरार चल रहा चौथा आरोपित गिरफ्तार

हत्या मामला

▶▶ कोतवाली मंगलौर के ग्राम गुरुकुल नारसन में 24 अप्रैल को भरतवीर की हत्या कर दी गई थी



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
खेत में पानी चले जाने को लेकर हुए दो पक्षों के बीच विवाद और युवक की पीट पीटकर हत्या के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे चौथे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त डंडा भी बरामद कर लिया है।
जनपद की कोतवाली मंगलौर के ग्राम गुरुकुल नारसन में 24 अप्रैल को भरतवीर की हत्या कर दी गई थी। हत्या की वजह भरतवीर के पास वाले खेत में पानी जाने से उपजे विवाद के कारण की गई थी। इस संबंध में संगीता निवासी ग्राम गुरुकुल नारसन ने कोतवाली मंगलौर पर सात नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें घटना के मुख्य तीन आरोपित को एक मई को गिरफ्तार कर लिया था। शेष आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास में जुटी थी।आज पुलिस ने एक और आरोपित अंशुल पुत्र विजेन्द्र निवासी ग्राम नारसन कला मंगलौर हरिद्वार को नारसन क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त डंडा भी बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपित का चालान कर जेल भेज दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### अपोलो माइक्रो सिस्टम्स लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 24 की चौथी तिमाही में शानदार नतीजे घोषित किए

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
। अपोलो माइक्रो सिस्टम्स लिमिटेड (बीएसईः 540879, एनएसईः अपोलो), कस्टम-बिल्ट इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सॉल्यूशंस के डिजाइन, डेवलपमेंट और असेंबली में एक पायनियर (अग्रणी), ने 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अपनी आय की रिपोर्ट दी है। अपोलो माइक्रो सिस्टम्स वित्त वर्ष 24 में महत्वपूर्ण फाइनेंशियल ग्रोथ हासिल की है, जो मुख्य रूप से मजबूत ऑर्डर एग्जीक्यूशन से प्रेरित थी। फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही के लिए रेवेन्यू 1,354.37 मिलियन रुपये की बढ़त में था, जबकि फाइनेंशियल ईयर 23 की चौथी तिमाही में यह 1,068.46 मिलियन रुपये ही रहा, पूरे साल का रेवेन्यू वित्त वर्ष 23 में 2,975.26 मिलियन रुपये की तुलना में 3,716.34 मिलियन रुपये था जो 24.91प्रतिशत की स्वस्थ वृद्धि दशार्ता है। फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही के लिए कंपनी का एबिटा बढ़कर 287.43 मिलियन रुपये हुआ जो फाइनेंशियल ईयर 23 की चौथी तिमाही में 228.83 मिलियन रुपये था, साथ ही पूरे वित्तीय वर्ष के लिए, यह 838.66 मिलियन रुपये तक पहुंच गया, जो फाइनेंशियल ईयर 23 में 640.91 मिलियन रुपये था, तिमाही के लिए 25.61प्रतिशत और वर्ष के लिए 30.85 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है, जिसका श्रेय परिचालन के बढ़े हुए पैमाने और लागत-कुशल निष्पादन को दिया जाता है। फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही के लिए शुद्ध लाभ 129.31 मिलियन रुपये था, जबकि फाइनेंशियल ईयर 23 की चौथी तिमाही में यह 72.15 मिलियन रुपये ही रहा और फाइनेंशियल ईयर 23 की तुलना में यह 187.38 मिलियन रुपये से फाइनेंशियल ईयर 24 में 311.07 मिलियन रुपये रहा। वहीं फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ मार्जिन 9.55 प्रतिशत और पूरे वित्तीय वर्ष के लिए 8.37 प्रतिशत था।
वर्तमान में, अपोलो माइक्रो सिस्टम्स 55,000 वर्ग फुट की मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी संचालित करता है, जिसमें 40,000 वर्ग फुट और 3,50,000 वर्ग फुट की दो अतिरिक्त सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। ये एक्सपेंशन इसकी मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएंगे, उत्पादन में वृद्धि का समर्थन करेंगे और बढ़ती मांग को पूरा करेंगे। अपोलो माइक्रो सिस्टम्स 700 से अधिक ऑन-बोर्ड टेक्नोलॉजीज का दावा करता है और एक सब-सिस्टम पार्टनर के रूप में 150 से अधिक स्वदेशी कार्यक्रमों और 60 डीसीपीपी कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से शामिल है। अपोलो माइक्रो सिस्टम्स के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए मैनेजमेंट टीम ने कहा कि हमें चौथी तिमाही और फाइनेंशियल ईयर 24 के लिए अपोलो माइक्रो सिस्टम्स लिमिटेड के प्रदर्शन का अवलोकन प्रस्तुत करते हुए खुशी हो रही है। इस वर्ष अपोलो माइक्रो सिस्टम्स ने कई प्रमुख क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जो इनोवेशन, ऑपरेशनल एक्सीलेंस और सस्टेनेबल ग्रोथ के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। डेवलपमेंट-प्रोडक्शन से अधिक प्रोडक्ट बेस्ड कॉन्ट्रैक्ट्स की तरफ बढ़ने वाले कई कार्यक्रमों के कारण हमारी ऑर्डर बुक मजबूत हुई है, जो हमें भविष्य में रेवेन्यू ग्रोथ के लिए अतिरिक्त प्रत्यक्षता देती है। कंपनी मेक-द्वितीय डिफेंस प्रोजेक्ट्स में भाग ले रही है और बड़े प्लेटफॉर्म के निर्माण में अन्य कंपनियों के साथ उसके सहयोग करने की संभावना है। क्षमता वृद्धि के मोर्चे पर हमने हैदराबाद में इंटीग्रेटेड प्लांट फॉर इंजिनियस डिफेंस सिस्टम्स के लिए शिलान्यास समारोह की घोषणा की है, इससे घरेलू क्षमताओं के साथ डिफेंस और स्पेस सेक्टर के विकास में हमारा प्रवेश और भी मजबूत हो गया है। यह मिसाइल, मानव रहित हवाई और ग्राउंड सिस्टम्स डेवलपमेंट में विकासशील उत्पादों को पूरा करेगा। इंटीग्रेटेड प्लांट फॉर इंजिनियस डिफेंस सिस्टम्स नेशनल सिक्युरिटी और टेक्नोलॉजीकल एडवांसमेंट के प्रति हमारे समर्पण का प्रतीक है।
भविष्य को देखते हुए, हम अपोलो माइक्रो सिस्टम्स लिमिटेड की भविष्य की विकास संभावनाओं को लेकर आशावादी हैं। डिफेंस में इलेक्ट्रॉनिक सॉल्यूशंस की मजबूत मांग, हमारी स्ट्रेटिजिक इनिशिएटिव्स के साथ मिलकर, हमें निरंतर सफलता के लिए अनुकूल स्थिति में रखती है। अपोलो माइक्रोसिस्टम्स लिमिटेड मूल्य सृजन के लिए प्रतिबद्ध है, और हम एक साथ सफल भविष्य की आशा करते हैं।
अपोलो माइक्रो सिस्टम्स (अपोलो माइक्रो सिस्टम्स, 1985 में स्थापित, कस्टम निर्मित इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सॉल्यूशंस के डिजाइन, डेवलपमेंट और असेंबली में अग्रणी है। अपोलो माइक्रो सिस्टम्स प्राथमिक ग्राहकों के रूप में एयरोस्पेस, डिफेंस और स्पेस के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों पर आधारित सॉल्यूशंस प्रदान करता है और रेलवे,ऑटोमोटिव और होम लैंड सिक्योरिटी बाजारों के लिए भी सॉल्यूशंस देता है।

### एम्स में महिला चिकित्सक से छेड़छाड़ करने वाला गिरफ्तार

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश में छेड़छाड़ के आरोपित नर्सिंग आफीसर को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।आरोपित नर्सिंग आफीसर ने ऑपरेशन थिएटर के अंदर महिला चिकित्सक के साथ छेड़छाड़ की थी। इस पर आरोपित नर्सिंग आफीसर की गिरफ्तारी की मांग को लेकर चिकित्सकों ने हड़ताल कर दी थी और जमकर हंगामा हुआ था। आखिरकार चिकित्सकों की चेतावनी और महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल के हस्तक्षेप के बाद आरोपित नर्सिंग आफीसर को पुलिस को गिरफ्तार करना पड़ा।

# बारिश के बाद उमस ने बढ़ाई बेचैनी, चिपचिपाती गर्मी से बढ़ी परेशानी

उमस

▶▶- सूरज व बादल के बीच लुका-छिपी फिर एक घंटे तक बरसे मेघ, - बारिश के बाद तापमान में गिरावट



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
सुबह तेज धूप, दोपहर आसमान पर बादल और उमस वाली गर्मी ने आमजन को परेशान कर रखा है। यह सिलसिला पिछले कई दिन से चल रहा है। बुधवार की दोपहर सूरज और बादल के बीच लुका-छिपी का खेल शुरू हुआ और मोटी बूंदों के साथ लगभग एक घंटे तक मेघ बरसे। इस बारिश के बाद और उमस बढ़ गई है। हालांकि बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, लेकिन उमस से राहत नहीं मिल रही।
बुधवार को हुई बारिश से लोग उमस और चिपचिपाहट से परेशान दिखे। जलन व चुभन वाली गर्मी के साथ उमस ने लोगों की मुश्किल को और बढ़ा दिया है। रही सही कसर बुधवार की दोपहर हुई बारिश ने पूरी कर दी। उमस के कारण लोगों ने अजीब तरह की बेचैनी का अनुभव किया। चिपचिपाहट के आगे पंखा और कूलर की हवा भी फेल होती दिखी। मौसम की तल्खी को देखकर लोगों की बेचैनी बढ़ती जा रही है। लोग उम्मीद लगाए बैठे थे कि बारिश होगी तो काफी हद तक राहत मिलेगी, लेकिन बारिश होते ही चिपचिपाहट बढ़ गई।
जिले में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, लेकिन आर्द्रता में अब इजाफा होने लगा है। इससे चिपचिपाती गर्मी होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि आर्द्रता जैसे-जैसे और बढ़ेगी कूलर का असर भी कम होता जाएगा।

**मौसम वैज्ञानिक बोले- 25 मई के आसपास राहत की उम्मीद-**

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने बताया कि उत्तराखंड में आगामी दो से तीन दिन मौसम शुष्क रहेगा।
इसके चलते तापमान में वृद्धि होगी। उत्तराखंड में उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर जनपद में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है, लेकिन प्रदेश के अन्य स्थानों पर मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विभाग की मानें तो 24 और 25 मई के आसपास मौसम में परिवर्तन होगा।

# स्वास्थ्य निदेशक गढ़वाल ने किया निरीक्षण

यात्रा मार्ग

▶▶यात्रा काल में सभी चिकित्सालयों में स्वास्थ्य सेवाएं चाक चौबंद रखी जाएं: स्वास्थ्य निदेशक



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की स्वास्थ्य निदेशक गढ़वाल डा. शिखा जंगपांगी ने बुधवार को बदरीनाथ धाम पहुंचकर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए की यात्रा काल में सभी चिकित्सालयों में स्वास्थ्य सेवाएं चाक चौबंद रखी जाएं।
यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर उन्होंने जिला चिकित्सालय गोपेश्वर पहुंचकर उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का भी जायजा देते हुए नोडल अधिकारियों को चारधाम यात्रा के दौरान यात्रियों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 50 साल और उससे अधिक उम्र के श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की जांच आवश्यक रूप से की जाए ताकि उन्हें यात्रा के दौरान किसी प्रकार की स्वास्थ्य परेशानियों से न जुझना पड़े।

### तेज गति से बाइक दौड़ाई तो सीधा आपके मोबाइल पर आएगा चालान

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
हल्द्वानी शहर में यातायात नियमों की लगातार अनदेखी होती है। शहर की मशहूर नैनीताल रोड पर सबसे ज्यादा ट्रैफिक नियमों को तोड़ा जाता है। लेकिन अब हल्द्वानी में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर शिकंजा कसने वाला है। परिवहन विभाग ने नैनीताल रोड में वाहन दौड़ाने की गति तय कर दी है। तय गति से ज्यादा पर वाहन दौड़ाया तो सीधा देहरादून से चालान आपके मोबाइल पर आ जाएगा।
परिवहन विभाग ने काठगोदाम में एएनपीआर कैमरे लगाए हैं। इन कैमरों से अब तक बिना हेलमेट, गलत तरीके से वाहन चलाना आदि में चलान किए जाते थे।

# एचडीएफसी बैंक और प्रवेगा वेंचर्स ने फिनटेक क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप का चयन किया

घोषणा

▶▶को-लैब कार्यक्रम में ग्रेक्वेस्ट और एपेलेटर का स्वागत करते हुए हमें खुशी हो रही है : लक्ष्मीनारायणन

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारत के निजी क्षेत्र के अग्रणी बैंक एचडीएफसी बैंक ने एक उद्यम पूंजी फर्म प्रवेगा वेंचर्स के सहयोग से आज अपनी को-लैब इनिशिएटिव के तहत दो इनोवेटिव स्टार्टअप के चयन की घोषणा की है। को-लैब कार्यक्रम के सह-मालिकों के रूप में बैंक और प्रवेगा वेंचर्स ने ऐसे स्टार्टअप की पहचान की है जो आधुनिक बैंकिंग चुनौतियों का समाधान करने और फिनटेक क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने की असाधारण क्षमता प्रदर्शित करते हैं। एचडीएफसी बैंक के ग्रुप हेड - सूचना प्रौद्योगिकी और मुख्य सूचना अधिकारी रमेश लक्ष्मीनारायणन ने कहा कि को-लैब कार्यक्रम में ग्रेक्वेस्ट और एपेलेटर का स्वागत करते हुए हमें खुशी हो रही है। ये स्टार्टअप अद्वितीय विशेषज्ञता और समाधान लाते हैं जिनमें फिनटेक परिदृश्य को बदलने की क्षमता है। प्रवेगा वेंचर्स के पार्टनर विनय मेनन ने कहा कि हम फिनटेक-बीएफएसआई सहयोग में मौजूद अपार संभावनाओं से उत्साहित हैं। संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में हमारे पास मौजूद व्यापक दृष्टिकोण को देखते हुए, हमारा मानना है कि को-लैब कार्यक्रम इन स्टार्टअप्स को नई ऊंचाइयों को छूने का शानदार अवसर प्रदान करता है। चयन प्रक्रिया में एचडीएफसी बैंक और प्रवेगा वेंचर्स द्वारा मूल्यांकन शामिल रहा, जिसके बाद बैंक के रणनीतिक उद्देश्यों के साथ संरेखण सुनिश्चित करने के लिए बिजनेस टीम के साथ व्यापक चर्चा की गई। चयनित स्टार्टअप अब अभिनव समाधान तलाशने और आपसी विकास को बढ़ावा देने के लिए एचडीएफसी बैंक के साथ सहयोग करेंगे। को-लैब, बैंकिंग क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने और डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए एचडीएफसी बैंक की प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है। को-लैब, एचडीएफसी बैंक और प्रवेगा वेंचर्स के बीच एक संयुक्त कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य फिनटेक में अत्याधुनिक समाधान पेश करने वाले स्टार्टअप की पहचान करना और उनके साथ साझेदारी करना है। पिछले साल लॉन्च किया गया को-लैब कार्यक्रम ग्राहकों को नवीन उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने के लिए स्थापित वित्तीय संस्थानों और उभरते स्टार्टअप के बीच सहयोग को और आगे ले जाना चाहता है। चयनित स्टार्टअप फिनटेक डोमेन के भीतर विभिन्न श्रेणियों का प्रतिनिधित्व करते हैं: ग्रेक्वेस्टः अपने अभिनव मंच के माध्यम से शिक्षा वित्तपोषण में क्रांति ला रहा है। ईपेलेटर : खुदरा विक्रेताओं को अपने प्लेटफॉर्म के माध्यम से सुलभ वित्तपोषण समाधान प्रदान करना।

# रिवर बैंड अतिक्रमण चिह्नीकरण सुनिश्चित की जाए: नगर आयुक्त



बैठक

▶▶नगर आयुक्त नगर जिला कार्यालय के सभागार में आयोजित जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक ले रहे थे

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
नगर आयुक्त वरुण चौधरी ने कहा कि फ्लड प्लेन और रिवर बैंड अतिक्रमण चिह्नीकरण की कार्रवाई सम्बन्धित टीम की ओर से संयुक्त निरीक्षण करते हुए 15 दिन के भीतर सुनिश्चित की जाए।
नगर आयुक्त नगर जिला कार्यालय के सभागार में आयोजित जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक ले रहे थे। उन्होंने यूपी सिंचाई विभाग के अभियंताओं को निर्देश दिये कि घाटों, विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पूजा सामग्री एवं कूड़ा और गन्दगी को गंगा नदी में डालने से रोकने के लिए घाटों और पुलों के साथ ही विभिन्न सार्वजिनक स्थानों पर पोस्ट एवं बैनर लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित क्षेत्रों में अतिक्रमण चिह्नित किया जाये। इसके साथ ही हरकी पौड़ी क्षेत्र में आवंटित दुकानों, गंगा में खंडित मूर्तियों के विसर्जन सहित विभिन्न बिन्दुओं एवं पिछले बैठक में दिये गये निर्देशों की अनुपालन आख्या पर विस्तार से चर्चा की गई।
बैठक में उप वन संरक्षक वैभव कुमार सिंह, अपर जिलाधिकरी पीएल शाह, दीपेन्द्र सिंह नेगी, सचिव एचआरडीए उत्तम सिंह चौहान, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.मनीष दत्त, सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान, जिला पर्यटन विकास अधिकारी सुरेश सिंह यादव, अधिशासी अभियंता लोनिवि सुरेश तोमर, अधिशासी अभियंता सिंचाई मंजू, समिति सदस्य रामेश्वर गौड़, मनोज निषाद आदि उपस्थित थे।

# उत्तराखंड : पर्यटन उद्योग में क्रांति लाएगा स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग सिस्टम, बढ़ाएगा ब्रांड वैल्यू

**देहरादून,/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्र सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और पर्यटन मंत्रालय की ओर से संचालित स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग सिस्टम (एसजीएलआर) अब पर्यटन सिटी होने के नाते उत्तराखंड में भी लागू करने की तैयारी की जा रही है। इसके तहत सुरक्षित स्वच्छता के मापदंडों के अंतर्गत हॉस्पिटेलिटी क्षेत्र में आने वाले होटल, रिसॉर्ट्स, होम स्टे, लॉज आदि का आंकलन किया जाएगा। स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग सिस्टम पर्यटन उद्योग में क्रांति लाएगा। स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग केवल एक मान्यता नहीं, बल्कि पर्यटन उद्योग को संवारने की प्रतिबद्धता है।

यह दूरदर्शी कार्यक्रम पर्यटकों के लिए विश्व स्तरीय स्वच्छता और सुविधाएं प्रदान करने के अनुरूप है, जो स्वच्छ और अधिक टिकाऊ पर्यटन प्रथाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य पर्यटन स्थलों पर सौंदर्य और स्वच्छता के स्तर को बढ़ाने के साथ पर्यटकों और व्यवसायों दोनों को प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए आर्थिक रूप व्यवहार्य, जिम्मेदार और सुदृढ़ पर्यटन उद्योग विकसित करना है। उत्तरदायी स्वच्छता की वांछित दिशा में निवेश के साथ आतिथ्य क्षेत्र पर्यटकों को आकर्षित करने में सक्षम होगा और ब्रांड वैल्यू भी बढ़ाएगा।
स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग में विभिन्न होटल्स, होम स्टे, लॉज, धर्मशालाओं आदि में स्वच्छता, शौचालय, ग्रे वाटर मैनेजमेंट, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और




अपशिष्ट प्रबंधन आदि के आधार पर स्वच्छता रेटिंग दी जाएगी। इस रेटिंग का उद्देश्य जल निकायों में प्रदूषण को रोकना और पर्यावरण को स्वच्छ रखना है। साथ ही सस्टेनेबल टूरिज्म प्रैक्टिसेस को बढ़ावा देना है।
मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान ने बताया कि पूरे भारत में उत्तराखंड दूसरा राज्य है, जो इस कार्यक्रम को आरंभ कर रहा है। स्वच्छता ग्रीन लीफ का लोगो एक पीपल के पत्ते की है और भारत में मिलने वाले सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न में भी पीपल के पत्ते को ही लिया गया है। ऐसे में स्वच्छता के लिए स्वच्छता ग्रीन लीफ सम्मान पत्र का अत्यधिक महत्व है, इसलिए सभी व्यवसायियों को इस अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करनी है।
जिला विकास अधिकारी एवं परियोजना प्रबंधक स्वजल सुनील कुमार ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं जिला पर्यटन विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में देहरादून के ग्रामीण क्षेत्रों में अवस्थित सभी आतिथ्य सुविधाओं में ग्रीन लीफ प्रणाली को लागू करने में समस्त हितधारकों की ओर से अहम भूमिका निभाई जाएगी।
स्वजल निदेशालय से पर्यावरण विशेषज्ञ डा. रमेश बडोला ने स्वच्छता ग्रीन लीफ के संबंध में बताया कि यह प्रणाली मुख्यतः ग्रामीण स्वच्छता को इंगित करते हुए ठोस एवं तरल अपशिष्ठ प्रबंधन, भूरा जल प्रबंधन एवं फीकल स्लज प्रबंधन के साथ जन-जागरूकता पर आधारित है। इन्हीं मानकों पर समस्त आतिथ्य सुविधाओं के स्वामियों को स्व-मूल्यांकन किया जाना है। स्व-मूल्यांकन प्रपत्र आदि जल्दी ही उपलब्ध करा दिए जाएंगे।
अतिथ्य सुविधाओं के स्वामियों को स्व-मूल्यांकन आख्या उक्त प्रपत्रों पर भरकर दस्तावेज संलग्न कर जिला स्तरीय समिति को उपलब्ध कराना होगा, जिसे जिला समिति एसडीएम स्तर की सत्यापन समिति को अग्रसारित करेगी। सत्यापन समिति स्थलीय निरीक्षण के उपरांत आवेदन सत्यापित कर अपनी आख्या सहित अनुमोदन करते हुए जिला समिति को उपलब्ध कराएगी। इसके बाद जिला समिति ग्रीन लीफ रेटिंग प्रमाण पत्र जारी करेगी।

### ग्रीन लीफ प्रमाण से होटल/होम-स्टे/रिसार्ट की कर सकेंगे ब्रांडिंग-

स्वजल देहरादून के सामुदायिक विकास विशेषज्ञ डा. हर्षमणि पंत ने स्वच्छता ग्रीन लीफ प्रणाली के अंतर्गत मूल्यांकन के लिए कुल निर्धारित 200 अंकों में से न्यूनतम 100-130 अंक प्राप्त करने पर एक ग्रीन लीफ, 130-180 अंक तक तीन ग्रीन लीफ और 180-200 तक पांच ग्रीन लीफ प्रमाण पत्र होटल व्यवासायियों को दिया जाएगा।

